समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# दिल्ली के कई इलाकों मे बांरिश से बदला मौसम, भीषण गर्मी से मिली राहत।

Publisher

Published on 13 May 2025



## दिल्ली मंगलवार मौसम का मिजाज बदला नजर आया. राजधानी के कई इलाकों मे हुंई बारिश ने दिल्लीवासियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई.

राजधानी दिल्ली के कई जगहों पर मंगलवार (13 मई) हल्की बारिश हुई, जिससे भीषण गर्मी से परेशान लोगों को थोड़ी राहत मिली. खानपुर समेत कई इलाकों में बादल बरसते नजर आए.

दरअसल, मौसम विभाग ने दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया, जिसमें हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान लगाया गया था. साथ ही मौसम विभाग ने 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना जताई.

बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार की सुबह न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है. सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 42 प्रतिशत दर्ज किया गया.

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन में तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान जताया है. मौसम विभाग ने कहा कि राजधानी में दिन में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है.

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े के अनुसार, मंगलवार सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 134 रहा जो 'मध्यम' श्रेणी में है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.